जग में न कोई साँचा माँ तू ही है

माँ मेरी शेरावाली है माँ मेरी ज्योतावाली है,
दर्शन दे दो माँ यही अर्जी है,
जग में ना कोई साँचा माँ तुही है,
माँ मेरी शेरावाली है माँ मेरी ज्योतावाली है,
दर्शन दे दो माँ यही अर्जी है,
जग में ना कोई साँचा माँ तुही है......

भर दे मेरी झोली जैसे भरती है सबकी,
सुना है अपने भक्तो में फर्क नहीं माँ तू करती,
निर्धन हो या मैया चाहे धनवान,
निर्बल हो या मैया चाहे बलवान हो,
तेरी ममता तो सभी पाते है,
जग में ना कोई साँचा माँ तुही है……

सूरज चाँद सितारे उजियारे तुम्ही से पाते,
इन फूलो की बागियों में रंग खुशबु तुम्ही से आते,
सब जीवो की जननी तुम ही आदि शक्ति,
तर जाता वो प्राणी जो करे तेरी भक्ति,
तू ही गौरी है महाकाली है,
जग में ना कोई साँचा माँ तुही है......

दुनिया ने ठुकराया बस तुम ही से है मेरा नाता,
जो तुमने भी माँ ठुकराया तो जाउंगी मै कहाँ माँ,
भव सागर मैया मेरी नैया डूब रही बन जाओ,
खिवैया माँ तुमसे ही आस मेरी,
डूब ना जाऊं हाथ पकड़ लो माँ,
जग में ना कोई साँचा माँ तुही है,
माँ मेरी शेरावाली है माँ मेरी ज्योतावाली है,
दर्शन दे दो माँ यही अर्जी है,
जग में ना कोई साँचा माँ तुही है……

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29963/title/jag-me-na-koi-sancha-maa-tu-hee-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |